# बाढ़ मे फंसे ग्रामीणों को बाढ बचाव दल ने सुरक्षित नदी पार कराया



बीजापुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। पिछले कुछ दिनों से जिले मे लगातार भारी बारिश हो रही है इससे जिले के कई नदी नाले उफान पर है ऐसे ही एक सूचना पर बाढ बचाव दल ने गंगालूर क्षेत्र के रेडडी गांव के जारगोया नदी मे बाढ मे फंसे तीन ग्रामीणों को मौके पर पहुंच कर नदी से सुरक्षित बाहर निकाला तीन ग्रामीणों मे एक छात्र भी बाढ मे फंसा था सुरक्षित नदी पार कराये जाने पर ग्रामीणों ने बाढ बचाव दल का आभार जताया और धन्यवाद दिया

यहां बतादे जिले मे क ई ऐसे. नदी नाले है जहाँ पुल नहीं बना है ऐसे सिथति के चलते ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर नदी पार करते है खास कर ये सिथति बारिश के दिनो मे ही उत्पन्न होती है।

# 40 युवोदय वॉलिंटियर्स शैक्षणिक भ्रमण हेतु भिलाई और रायपुर रवाना



दंतेवाड़ा, 25 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। जिला पंचायत दंतेवाड़ा के जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिस्वरंजन द्वारा 40 युवोदय वॉलिंटियर्स को आईआईटी भिलाई में आयोजित दो दिवसीय युवा नेतृत्व कार्यशाला और दो दिवसीय रायपुर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। ज्ञात हो कि कार्यशाला आईआईटी भिलाई के कैंपस में दिनांक 24-25 जुलाई को आयोजित की गई, जिसमें सत्र का प्रारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम कमिश्नर श्री देवेश कुमार ध्रुव, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर श्री राजीव प्रकाश तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े जिला कलेक्टर दंतेवाड़ा श्री मयंक चतुर्वेदी व यूनिसेफ के सामाजिक व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ श्री अभिषेक सिंह, व सलाहकार श्री चंदन कुमार, श्री अभिषेक त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ।

सत्र को संबोधित करते हुए श्री ध्रुव ने प्रतिभागियों को बताया कि सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाने से सकारात्मकता कई गुना बढ़ जाती है। साथ ही डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने युवाओं को संस्कृति और प्रौद्योगिकी को साथ-साथ लेकर विकास करने के बारे में जानकारी दी और बताया कि युवोदय व आईआईटी दोनों अपने-अपने क्षेत्र में नवाचार कर रहे हैं। श्री अभिषेक सिंह ने ''एंडलेस ऑपर्च्युनिटी स्पेस'' का उपयोग कर ग्रामीण समुदायों के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें और भी बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा इस कार्यशाला में स्वयंसेवकों को यूनिसेफ और आईआईटी भिलाई के प्रशिक्षकों द्वारा स्वयंसेवा, व्यवहार परिवर्तन, मातृत्व स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, आजीविका (ग्रीन जॉब्स), और वित्तीय प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रशिक्षक के तौर पर यूनिसेफ के सामाजिक व्यवहार परिवर्तन सलाहकार लाइफ कोच सत्यम खंडेलवाल, स्तनपान एवं मातृत्व स्वास्थ्य पर डॉ. ओमेश खुराना और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सावेरी सारभाई सक्सेना, वित्तीय प्रौद्योगिकी पर प्रोफेसर संतोष बिस्वास, आकाशदीप, शशांक, और प्रेमेंद्र ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों को गंगरेल बांध, धमतरी, विधान सभा सत्र, और जंगल सफारी का अवलोकन करवाया गया।

# वन विभाग सामान्य के डिप्टी रेंजर पर अवैध तरीके से रुद्रारम कोनागुड़ा के जंगलों से हजारो बांस कटवाने का आरोप

**✷ मामला मद्देड बफर रेंज का**



भोपालपटनम 26 जुलाई(दण्डकारण्य समाचार)। वन विभाग सामान्य के डिप्टी रेंजर पर अवैध तरीके से रुद्रारम कोनागुड़ा के जंगलों से हजारो बांसों को कटवाने का आरोप है। कोनागुड़ा से लगे जंगल में बांसों को काटकर गांव के पास पेड़ो में खड़ा कर थप्पी लगाई गई है।

बताया जा रहा है कि तकरीबन 3 हजार से अधिक बांसों की बली चढ़ाई गई है । गांव के पास बड़े पेड़ो में 8 जगह बांसों को खड़ा रखकर थप्पी लगाया गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग बफर के रेंजर तिवारी ने अपने कर्मचारियों को भेजकर बांसों का आकलन कर जप्ती नामा तैयार करने को कहा गया है ,लेकिन दो दिनों से यह आकलन नहीं हो पा रहा हैं । इस मामले में फारेस्ट विभाग नें ढील दे रखी हैं । बताया जा रहा हैं कि जहा बांस रखे हैं उसके आगे पहाड़ मे बड़ी तादाद मे बांस का जखीरा रखा हुआ हैं लेकिन वहां तक फारेस्ट विभाग की पहुंच नहीं हैं।

बता दें कि 2021 के बाद बीजापुर जिले के जंगल से बांस की कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया हैं, लेकिन इतने बड़े मामले के बाद विभाग कान मे रुई डाले हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना हैं कि यह बांस जगदलपुर से मजदूरों को लाकर कटवाया गया हैं। डिप्टी रेंजर ने ग्रामीणों को बताकर रखा हैं कि बांस वन विभाग का हैं, इसे यहां से बाद मे ले जाया जायेगा। ग्रामीणों का कहना हैं कि डिप्टी रेंजर बस इतना कहते थे कि बांस काटकर यहीं रखा जायेगा जरुरत पड़ने पर यहां से लेकर जायेंगे।

डिप्टी रेंजर नें बड़ी ही चतुराई से विभाग का नाम लेकर हजारों बांस काटकर जंगल मे छुपा रखा हैं, बताया जा रहा हैं कि इसे मोटी कीमत पर बेचने का इरादा था।

एस डी ओ भोपालपटनम नितीश कुमार रावटे ने कहा कि अगर बांस जंगल से कटवाकर रखा गया हैं तो वह अवैध हैं। इसमें डिप्टी रेंजर का नाम आ रहा हैं लेकिन उनका कथन हैं कि उन्होने नहीं कटवाया हैं। इसकी जाँच की जाएगी जो भी दोषी होगा उसपर कार्यवाही होंगी।

वन परिक्षेत्र अधिकारी देवनन्दन तिवारी रेंजर बफर जोन ने कहा कि बांस को लाने डिप्टी रेंजर को बताया गया है। उसकी जाँच की जा रही हैं जाँच के बाद ही पता लग पायेगा कि किसने कटवाया हैं अभी किसी पर आरोप लगाना ठीक नहीं हैं।

# 10 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में संचालित

**✷ प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करने कलेक्टर अनुराग पाण्डेय पहुंचे प्रशिक्षण केन्द्र**

**✷ पूरे आत्मविश्वास, लगन और ईमानदारी से प्रशिक्षण की प्रत्येक गतिविधि सीखें - कलेक्टर**



बीजापुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पहुंचकर प्रशिक्षु युवाओं को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने पूरे आत्मविश्वास, लगन और ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने एवं हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहने की समझाइस दी। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल किया है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में यह प्रशिक्षण का दूसरा चरण है। पूर्व में प्रथम चरण में 40 आदिवासी युवा उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण ले चुके हैं। यह द्वितीय चरण का प्रशिक्षण है जो 23 जुलाई से 02 अगस्त तक संचालित होगा जिसके अर्न्तगत 04 दिवस का प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फार माइक्रो स्माल एण्ड मिडियम इंटरप्राईजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है जिसमें जिले के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने के बजाय स्वयं नौकरी देने के लिए सक्षम होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रक्रिया, ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जाएगा।

इस अवसर पर डायरेक्टर आरसेटी श्री पी गुप्तेश्वर राव, अजीत कुमार बिलुंग महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग, गौरव पाण्डेय सहायक संचालक कौशल विकास उपस्थित थे।

# कलेक्टर की चिट्ठी विद्यार्थियों के नाम

**✷ उल्लास साक्षरता अभियान में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को जोड़ने पर बल**

सुकमा, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गई अनुशंसा अनुरूप 2030 तक कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत असाक्षरों को साक्षर किया जाना है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की स्वीकृत किया गया है। जिसका उद्देश्य सभी पृष्ठभूमि के 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन वयस्कों को सशक्त बनाना है जिन्हें उचित स्कूली शिक्षा नहीं मिल सकी और उन्हें समाज के साथ मुख्यधारा में लाया जाना है। ताकि वे अधिक योगदान देने में सक्षम हो सकें। जिला सुकमा को इस वर्ष 40 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य है तथा असाक्षरों को पढ़ाने का दायित्व गावों में निवासरत पढ़े-लिखे व्यक्ति जो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में कार्य करेंगे तथा स्वयंसेवी शिक्षक हेतु हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसके बदले में स्वयंसेवी शिक्षक को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक सहित प्रमाण पत्र, प्रशंसा सम्बन्धी अभिनंदन पत्र आदि के जरिए माध्यमों से प्रोत्साहित होंगे।

भारत सरकार द्वारा निर्मित उल्लास एप में असाक्षरों को पंजीयन किया जा रहा है, पंजीकृत असाक्षर को सामाजिक चेतना केन्द्र जहां स्कूलों, सामाजिक भवन एवं पंचायत भवन में पठन-पाठन का कार्य होगा। इसके लिए सभी स्कूलों के प्राचार्यों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के द्वारा श्कलेक्टर की चिट्ठी विद्यार्थियों के नाम जारी कर सभी संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच संदेश का वाचन करवाया जा रहा है तथा बच्चों द्वारा अपने-अपने गांव,मोहल्ला, पारे-टोले में असाक्षरों को अक्षर ज्ञान देने का वचन दे रहे हैं।

# ''विकसित छत्तीसगढ़ मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़'' निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**✷ कुल 600 विद्यार्थियों ने लिया प्रतियोगिता में भाग**

दंतेवाड़ा, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। ज्ञात हो कि देश के प्रधानमंत्री ने आजादी अमृतकाल (2047) तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने देशवासियों का आह्वान किया है, जिसके अनुक्रम में राज्य सरकारें 2047 तक प्रदेश को विकसित बनाने वचनबद्ध है। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य के स्कूलों मे छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न विषयों पर जैसे पिछड़ापन, समृद्ध व विकसित राज्य के रूप में, मेरे सपनों का छत्तीसगढ़, सम्पूर्ण औद्योगिक विकास, कृषि व पर्यावरण के उद्योग विकास, कार्य कौशल आधारित गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, गुणवत्ता व युक्त स्वास्थ्य व पोषण, बेरोजगारी दूर करना, सुशासन, भ्रष्टाचार, सरकारी तंत्र 2047 तक आदर्श छत्तीसगढ़, जैसे विषयवस्तु पर अपने विचार व्यक्त करने हेतु निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसके तहत जिले के समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच ष्विकसित छत्तीसगढ़ मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के समस्त स्कूलों से कुल 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में जिले में कु. शिल्पा सरकार, शा. क. उ. मा. वि. बचेली ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मिता नाग, कन्या शिक्षा परिसर पातररास, रेणु बघेल, शा. क. उ. मा. वि. बचेली व मैतुराम लेखामी शा. उ. मा. वि. बारसूर का रहा। वहीं तीसरे स्थान पर श्रेजल तिवारी शा. क. उ. मा. वि. कुआकोण्डा रहीं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित

सुकमा, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष होने के अवसर पर राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर एवं कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी एवं डीएमसी श्री श्याम सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड कोंटा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षण सप्ताह के प्रथम दिवस का कार्यक्रम में टीएलएम निर्माण एवं गुरु पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही द्वितीय दिवस एफएलएन दिवस, तृतीय दिवस को खेल दिवस एवं आज चतुर्थ दिवस को सांस्कृतिक दिवस के रूप मे मनाया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के शिक्षार्थियों, शिक्षकों, नीति निर्माता और हित धारकों के बीच सहयोग और नवाचार की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन के सदस्य,अभिभावक प्राचार्य श्री बीएल औरसा, प्रधान अध्यापक श्री टी श्रीनिवास वासु एवं समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी के आयरन ओर मलवे से आई आपदा हेतु किरंदुल पालिका पर दोषारोपण

## किरंदुल नगरपालिका ने नहीं करने दी थी एनएमडीसी चेकडैम की सफाई

**✷ रविवार को एनएमडीसी के चेकडैम से बहकर आये मलवे ने मचाई थी तबाही**



किरंदुल, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। बैलाडीला क्षेत्र में लगातार 5 दिनों से हो रही तेज़ बारिश ने रविवार की दोपहर को उस वक्त भयानक रूप ले लिया था जब एनएमडीसी लौह अयस्क की खदान क्रमांक 11 बी के चेक डैम नंबर 6 के ऊपर से पानी बहने लगा और देखते ही देखते पानी का सैलाब लौह चूर्ण के साथ पहाड़ियों के रास्ते व पहाड़ी नालों के रास्ते नगर में घुस गया । थोड़ी ही देर में चारो तरफ तबाही का मंजर छा गया। किरंदुल बंगाली कैम्प के 3 नंबर वार्ड 4 नंबर वार्ड 6 नंबर वार्ड में लौह चूर्ण के साथ पहाड़ी नाले का पानी घरों में घुस गया । घर का समान छोड़ जान बचा कर लोग भागे। लाल पानी का सैलाब इतना भयानक था कि उसके जद में जो कुछ भी आया उसको बहा कर ले गया । 3 गाय बहती हुई जा रही थी उनको बचाया गया। वहीं 2 बच्चे भी पानी में बह गए जिनको बचा कर अस्पताल पहुचाया गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि उसके बहाव में मोटरसाइकिल, कार यहां तक कि बड़ी ट्रक भी बह गई। लोगों के पास कुछ भी नहीं बचा। महिलाओं ने रो रो कर बताया कि हमारे पास पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे। घर के अंदर कमर तक कीचड़ भर गया है घर का पूरा समान खराब हो गया है।

उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी ने 6 नंबर चेक डैम की सफाई नहीं करवाई थी जिसके कारण इतनी बड़ी आपदा हुई । डैम की कैपासिटी 6500 क्यूबिक मीटर है जिसकी सफाई हर वर्ष होनी है परंतु एनएमडीसी और नगरपालिका के बीच आपसी तकरार के कारण दो सालों से नहीं हुई थी सफाई ।

इस संबंध में किरंदुल नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ ठेकेदार सुरेंदर नायर ने एक बड़ा खुलासा करते हुए मीडिया से कहा कि वर्ष 2021 में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से चेक डैम की सफाई यानि डिसिल्टिंग एवं उसके परिवहन का कार्य आदेश दीपा कंस्ट्रक्शन को मिला था परंतु नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष ने धरमपुर कैम्प वासियों की ओर से तत्कालीन तहसीलदार को एक पत्र प्रेषित कर मेरे द्वारा किये जा रहे परिवहन कार्य को रुकवा दिया गया जिस कारण प्रसाशनिक हस्तक्षेप के बाद परिवहन कार्य बंद हो गया और एनएमडीसी द्वारा 1987 में निर्मित 6 नम्बर चेकडैम में एनएमडीसी की 11 सी खदान का लौह चूर्ण लगभग 2 सालों से जमा होने लगा जिस कारण खदान का चेकडैम पूरी तरह लौह चूर्ण से लबालब हो चुका है। इसका परिणाम रविवार की दोपहर में देखने को मिला।

# आपदा पीड़ितों से मिलने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा

**✷ कहा एनएमडीसी पीड़ितों को पक्के मकान और 10-10 लाख रुपये दे मुआवजा**



किरंदुल, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। गुरुवार को भीषण अतिवृष्टि से हुए हादसे से पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री प्रदाय करने जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा किरंदुल बंगाली कैम्प पहुंची । राहत सामग्री में कंबल साड़ी एवं बच्चो के लिए खाने-पीने की सामग्री प्रदाय की। बाढ़ प्रभावितों से मिलने के बाद तूलिका कर्मा ने किरंदुल में एनएमडीसी के अधिकारियों से मुलाकात किया और प्रबंधन से घटना की पूरी जानकारी ली तुलिका कर्मा ने एनएमडीसी प्रबन्धन से सभी पीड़ित परिवारों के लिए पक्का मकान और पुनर्वास के लिए कम से कम 10-10 लाख रुपये मुआवजा जिसे सीधे पीड़ितों के बैंक खाते में देने की मांग की है ।उन्होंने कहा कि ये बड़ी घटना केवल प्राकृतिक आपदा नही बल्कि लापरवाही भी, इस घटना को जिसने भी देखा सभी के मन मे खौफ बैठा हुआ है लोग सहमे हुए है । गनीमत रही कि किसी को जान से हाथ धोना नही पड़ा ,घटना यदि रात को होती तो मंजर और भी भयावह हो सकती थी । हादसे के तत्काल बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित अन्य संस्थानों द्वारा पीड़ितों को राहत देने के प्रयास निःसंदेह सराहनीय है इसके बावजूद प्रशासन को पुनः एक बार फिर से पीड़ितों और नुकसान का सर्वे और मूल्यांकन करने की आवश्यकता है

# 27 जुलाई से 10 अगस्त नगरपालिका, नगर पंचायत में होगा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

दंतेवाड़ा, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाए उपलब्ध कराने, स्थानीय नागरिक समस्याओं का समाधान मौके पर ही शीघ्रता से किये जाने के संबंध में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य प्रत्येक नगरपालिका, नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के रूप में वार्डवार शिविर को आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविरों में महापौर, नगरपालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष पार्षदों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों उपस्थित रहेगें। अतः इस संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नगरीय निकाय के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा आयोजित शिविर के संबंध में वार्ड नगर में व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने की व्यवस्था करने को भी कहा गया है ताकि आम नागरिक शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें।

# कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री के प्रतिनिधि गोपाल पवार को हम सबके राम पुस्तक किया भेंट



बीजापुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संकलित पुस्तक हम सबके राम श्री गोपाल पवार रामलला दर्शन योजना के नामांकित सदस्य एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के प्रतिनिधि को भेट किया। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में श्री राम अयोध्या से छत्तीसगढ़ की झलकियां है।